संख्याः /जी0एस0(शिक्षा)/ A3-134/2022

प्रेषक,

डा0 रंजीत कुमार सिन्हा,
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

कुलपति,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय,
नैनीताल।

राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालयः उत्तराखण्ड **देहरादूनः दिनांक 5 SEP 2022 ~~अगस्त~~, 2022**

महोदय,

कृपया कुलसचिव के पत्र संख्याः 676/मान्यता/के0यू0/2019–20 दिनांक 24.01.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा राजकीय महाविद्यालय, गदरपुर (ऊधमसिंहनगर) को बी0ए0 (हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं शिक्षाशास्त्र) पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2021–22 की नवीन अस्थाई सम्बद्धता प्रस्ताव संस्तुति के साथ इस सचिवालय को उपलब्ध कराया गया है।

2– शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु नवीन अस्थाई सम्बद्धता के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निरीक्षण मण्डल, कुलसचिव एवं कुलपति की संस्तुति के आधार पर उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य) की धारा–37 (2) के अन्तर्गत महाविद्यालय को निम्न तालिका के अनुसार उसके नाम के सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रम, सीटों एवं अवधि की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण के प्रस्ताव पर मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा निम्न उपबन्धों के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया है :–

क्रमांक	महाविद्यालय/संस्थान का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेश क्षमता (कुलपति की संस्तुतिनुसार)	अस्थाई सम्बद्धता की अवधि
1	2	3	4	5
1.	राजकीय महाविद्यालय, गदरपुर (ऊधमसिंहनगर)	बी0ए0 (हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं शिक्षाशास्त्र)	80 सीट प्रति विषय	2021–22

(i) निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद, U.G.C विनियमों व नियामक संस्था के मानकों के पूर्ण करने की दशा में सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की कार्यवाई करें व विश्वविद्यालय तत्सम्बन्धी कृत कार्यवाई की सूचना मा0 कुलाधिपति महोदय के अवगतार्थ उपलब्ध करायें।

(ii) विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग/शासन से समन्वय स्थापित कर महाविद्यालय में भूमि, भवन, फर्नीचर, एवं पुस्तकें सम्बद्धता पप्रदान किये जाने के 02 माह के भीतर मानकानुसार पूर्ण करते हुए तत्सम्बन्धी अभिलेख इस सचिवालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करेगा।

(iii) अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव ससमय निर्धारित समय सारिणी के अनुसार मानक पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार्य होंगे। तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाई सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 रंजीत कुमार सिन्हा)
कुलाधिपति के सचिव।

संख्या : 2062(1)/जी0एस0/शिक्षा/ A3-134/2022 तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, हल्द्वानी।
3. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, गदरपुर (ऊधसिंहनगर)।
4. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से,

(स्वाति एस0 भदौरिया)
कुलाधिपति के अपर सचिव।